खबर के बाद सिवनी में सट्टा नेटवर्क पर कार्रवाई

एक आरोपी गिरफ्तार : मास्टरमाइंड फरार, पुलिस पर अभी भी भरोसा

सिवनी नवभारत। सिवनी जिले में आईपीएल सट्टे के बढ़ते नेटवर्क को लेकर जब नवभारत ने खबर प्रमुखता से प्रकाशित कर पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया, तो उसका सीधा असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। नवभारत द्वारा लगातार इस अवैध कारोबार को उजागर किए जाने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक अहम कार्रवाई को अंजाम दिया। यह कार्रवाई केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि एक बड़े ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क की परतें खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। आमजन में अब भी यह विश्वास बना हुआ है कि पुलिस इस अवैध खेल पर पूर्ण विराम लगाने के लिए ठोस कार्रवाई करेगी।

आईपीएल का रोमांच चरम पर था और उसी दौरान सिवनी में सट्टेबाजी का काला कारोबार भी सक्रिय था। इसी बीच कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे एक युवक मोबाइल के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है।

नवभारत में पहले प्रकाशित खबरों के बाद पहले से सतर्क पुलिस ने इस सूचना को गंभीरता से लिया और तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही युवक ने मोबाइल छिपाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सका।

मौके से पकड़े गए युवक की पहचान अभय तिडके (36 वर्ष) के रूप में हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर मैच पर मोबाइल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहा था। उसके मोबाइल की जांच में मिले लेन-देन और डिजिटल साक्ष्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि मामला एक संगठित नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

कार्रवाई या दिखावा? करोड़ों के खेल में एक गिरफ्तारी

आईपीएल के दौरान जिले में ऑनलाइन सट्टे का कारोबार तेजी से फैल रहा है, जहां रोजाना करोड़ों रुपये के दांव लगने की चर्चाएं हैं। इसी बीच कोतवाली पुलिस ने 5 अप्रैल 2026 को पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे से अभय तिडके (36 वर्ष) को ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए गिरफ्तार किया। उसके पास से 5000 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। पूछताछ में चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर मैच पर सट्टा लगाने की बात सामने आई। मामले में सागर सुराना का नाम भी सामने आया, जो ऑनलाइन पहचान (आईडी) उपलब्ध कराता था और फिलहाल फरार है। जानकारों के अनुसार जिले में सट्टा अब संगठित नेटवर्क के रूप में संचालित हो रहा है, जिसमें कई लोग अलग-अलग भूमिकाओं में जुड़े हैं। हालांकि पुलिस की यह कार्रवाई केवल एक छोटी कड़ी मानी जा रही है, जबकि पूरा नेटवर्क अब भी सक्रिय बताया जा रहा।

अब जिले मे आईपीएल सट्टे का 'हाईटेक' जाल

होटल, लॉज, चलती गाड़ियां और 'काली कार' से संचालित नेटवर्क, युवाओं का भविष्य दांव पर

'काली कार' बनी चर्चा का केंद्र

आईपीएल के साथ फैला हाईटेक सट्टेबाजी का जाल

डिजिटल लेनदेन से जांच में मुश्किल

युवाओं का भविष्य संकट में

जिले में 'हाईटेक सट्टा' बेखौफ, पुलिस अधीक्षक की सख्त पुगतो

काली कार रिसॉर्ट होटल और लॉज बने कंट्रोल रूम चलती गाड़ियों में 'मूविंग ऑफिस'

स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल

आईपीएल मैच के दौरान खुला सट्टे का खेल

किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर मैच पर मोबाइल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहा था। उसके मोबाइल की जांच में मिले लेन-देन और डिजिटल साक्ष्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि मामला एक संगठित नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

नेटवर्क बड़ा होने के संकेत पुराने बुकी अभी भी सक्रिय

पूछताछ के दौरान सामने आया नाम इस पूरे मामले का सबसे अहम पहलू बनकर उभरा—सागर सुराना (37 वर्ष), जिसे इस सट्टा नेटवर्क का मुख्य संचालक बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वह ऑनलाइन पहचान (आईडी) उपलब्ध कराकर इस पूरे खेल को संचालित करता था और कई लोगों को इस नेटवर्क से जोड़ चुका है।

बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह लंबे समय से इस अवैध गतिविधि में संलिप्त रहा है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद से वह फरार है और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार आरोपी केवल एक कड़ी है, जबकि इस नेटवर्क की जड़ें और भी गहरी हो सकती हैं। नवभारत में पूर्व में प्रकाशित खबरों में भी इस बात की आशंका जताई गई थी कि सिवनी में सट्टा कारोबार अब उच्च तकनीकी रूप ले चुका है और मोबाइल के माध्यम से संचालित हो रहा है।

नव भारत खबर का असर

सटोरियों में हड़कंप

इसके अलावा जिले में पुराने कुख्यात और शातिर बुकी अभी भी सक्रिय बताए जा रहे हैं, जो पुलिस की नजरों से बचकर धड़ल्ले से सट्टे का कारोबार चला रहे हैं। यदि पुलिस इनके पुराने रिकॉर्ड के आधार पर गहराई से जांच करे, तो एक बार फिर बड़ी और ऐतिहासिक कार्रवाई संभव है।

वर्तमान में नए-नए तरीकों से यह खेल पूरे जिले में संचालित हो रहा है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद सट्टेबाजों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कई लोग अपने ठिकाने बदल रहे हैं, तो कुछ ने अस्थायी रूप से अपनी गतिविधियां बंद कर दी हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले समय में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। इस पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी सतीश तिवारी, उप निरीक्षक जयवंत ठाकुर, प्रधान आरक्षक मनोज पाल सहित पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

सूने घर में रात्री में चोरी करने वाले तीन चोरों को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार



आरोपियों के कब्जे से 1 लाख रुपये का मशरुका बरामद

सिवनी नवभारत। गत 04 अप्रैल को रामदयाल यादव निवासी जनता नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आपने पारिवारिक कार्यक्रम मोहल्ले मे परिवार सहित गया था उसी समय रात्री मे अज्ञात चोरो द्वारा सोना चांदी एंव नगद रुपये घर का ताला तोड कर चुरा लिये है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द क्रमांक 175/2026 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उइके द्वारा आरोपियो की तलाश पतासजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर आरोपीयो की धरपकड हेतु क्षेत्र मे टीम रवाना की गई।

डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा तत्परता दिखाते हुये कुछ संदेही से पूछताछ की गई, मुखबिर लगाये गये चंद घंटो के भीतर तीन संदेही को हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किये, जिनके कब्जे से चोरी किया गया सोना चांदी के जेवरात बरामद किये गये तीनो अपचारी बालको को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

आरोपियों के कब्जे से एक सोने का मगंलसूत्र, सोने की सात पत्ती, चांदी की एक जोडी पायल, चांदी के हाथ के कंगन, चांदी एक जोडी बिछिया जप्त की गई है। इस कार्यवाही में निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे सउनि निसार खान, संजय बघेल, प्र. आर. उमेश्वरी चौधरी, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्णकुमार भालेकर, हिमेन्द्र सहारे, रवि धुर्वे, अंशुमन राजपूत, मिथलेश सूर्यवंशी, रघुराज यादव का योगदान रहा।

जिला यादव महासभा कोर ग्रुप की बैठक आयोजित, मई में आयोजित होगा कार्यक्रम, समिति गठित

सिवनी नवभारत। जिला यादव समाज के जिला सम्मेलन में युवक-युवती परिचय, सामुहिक विवाह, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों,वृद्ध जनों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह को लेकर 05 अप्रैल दिन रविवार को डुंडा सिवनी स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में मई माह में आयोजित कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आयोजित कार्यक्रम के लिए समितियो का गठन किया गया कोर ग्रुप कमेटी के सदस्यों के अलावा समाज के वरिष्ठों को समितियां का दायित्व सोपा गया है। बैठक में जोर देकर यह निर्णय लिया गया कि जिले में निवासरत समाज की हर वर्ग के व्यक्ति को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया जाएगा और समाज के हर घर पर पहुंच कर कार्यक्रम के लिए आमंत्रण दिया जाएगा।

24 मई को होने वाले कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम में प्रदेश की मुख्यमंत्री समाज के गौरव डॉ मोहन यादव ,केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव जी चंद्रपाल यादव जी पूर्व राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश झांसी पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण

यादव विधायक सचिन यादव, विधायक अमर सिंह यादव, देवेंद्र यादव विधायक भिलाई, विधायक ललिता यादव पूर्व विधायक संजय यादव बरगी, शेषराव यादव जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा,संतोष यादव महापौर राजनंदगांव,के अलावा समाज के और भी जनप्रतिनिधियों प्रदेश में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित कर सम्मान करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को लेकर समितियों का गठन किया गया। मंच संचालन समिति के अध्यक्ष एड.अखिलेश यादव, स्वागत समिति के अध्यक्ष महेश कुमार यादव, विनोद यादव, प्रचार प्रसार समिति के अध्यक्ष रंजीत यादव व कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष अरुण यादव पूर्व सरपंच बिंझावाड़ा को चुना गया। भोजन व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रमन यादव बाबू भैया, निगरानी समिति के अध्यक्ष नंदू यादव को बनाया है। आमंत्रण समिति के अध्यक्ष अरुण यादव के साथ किशोर यादवलखनादौन, संजय यादव लखनादौन, सुभाष यादव घंसौर, भरत यादव घंसौर,के के यादव सिवनी,रंजीत यादव बाबू भैया विनोद यादव अरुण यादव सिवनी को शामिल किया गया है।

जुर्माने की राशि से मजबूत हो रहे महिला संगठन

नशा मुक्ति को लेकर बने गांव-गांव संगठन

धारना कलां नवभारत। नशा मुक्त समाज को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर बनी महिला समिति का खौफ अब गांव गांव में फैल गया है और अब बरघाट विकाश खंड की अधिकतर ग्राम पंचायत तथा गांव गांव में शराब बिक्री पर पूर्णत: विराम लग चुका है तथा गांवों में कच्ची तथा अवैध शराब बेचने वाले तथा पीने वाले भी खौफ के चलते शराब से दूरी बनाए हुए है जिसका मुख्य कारण सैकड़ों महिलाओं के द्वारा अवैध शराब तो पकड़ी ही जा रही है साथ हजारों में जुर्माने के तौर पर राशि भी वसूल की जा रही है जिससे नशा मुक्ति महिला समूह संगठन में अच्छी खासी राशि भी जमा हो चुकी है चूंकि अब। तक शराबियों से तथा अवैध शराब बेचने वालों से अच्छा खासी राशि राशि महिला संगठन वसूल कर चुका है साथ ही नशा मुक्ति महिला संगठन का खौफ भी शराब बेचने वाले तथा पीने वालों ने बना हुआ है ।

जो काम पुलिस तथा आबकारी नहीं कर पाई महिलाओं ने कर दिखाया

उल्लेखनीय है की बरघाट विकाश खंड के अनेकों ग्रामों में कच्ची तथा अवैध शराब की बिक्री लगातार हो रही थी जिस पर ठोस कार्रवाई अब तक सामने नहीं आ रही थी किंतु जब से ग्राम पंचायत स्तर पर महिला संगठन के रूप में कच्ची तथा अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल रखा है तब से गांवों में कच्ची तथा अवैध शराब बिक्री पर जैसे विराम सा लग गया है क्योंकि सैकड़ों की तादाद में महिलाएं एकजुट होकर शराब बंदी पर काम करती नजर आ रही है

पुलिस का मिल रहा है अच्छा सहयोग

महिलाओं के इस अभियान में गांवों में महिलाओं को भी पुलिस प्रशासन का अच्छा सहयोग मिल रहा है सूचना मिलते ही अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है तथा गांवों में महिलाओं के द्वारा शराब बेचने वाले तथा पीने वाले लोगों से जुर्माने की राशि वसूल की जाती है और उसे महिला संगठन ने जमा कर दिया जाता है अब तक क्षेत्र में सैकड़ों लोगों से इस मुहिम के तहत जुर्माना वसूल किया जा चुका है और अभियान से अवैध शराब बेचने तथा पीने वालों ने डर और खौफ का माहौल बना हुआ हैं।

एक नजर में

श्रजल झारिया ने परीक्षा में पाया तीसरा स्थान

सिवनी । रेडियंट इंग्लिश स्कूल लखनादोंन की छात्रा श्रजल झरिया पिता श्री चेतराम झरिया ने कक्षा पांचवी संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मध्य प्रदेश राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती मधु अग्रवाल के साथ भोपाल में प्रमाण पत्र लेते हुए।

सत्यांश के विधायक प्रतिनिधि बनने पर जताया हर्ष

बरघाट। सर्ववग्रीय ब्राह्मण समाज बरघाट अध्यक्ष चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज के पूर्व युवा अध्यक्ष सत्यांश भट्ट को वर्तमान में क्षेत्रीय विधायक कमल मर्सकोले द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरघाट (आई टी आई) में विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर हर्ष करते हुए विधायक का ब्राह्मण समाज की ओर से आभार व्यक्त किया गया। आज नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि का पुष्पहार पहनाकर बधाई दी गई । अध्यक्ष ने बताया कि बरघाट में भट्ट परिवार सर्ववर्गीय ब्राह्मण समाज बरघाट में हमेशा अपना योगदान प्रदान किया है इनके पिता भी संगठन में पूर्व कोषाध्यक्ष के पद पर सेवा दे चुके है । सत्यांश को पार्टी द्वारा इस योग्य समझा गया ये समाज के लिए खुशी की बात है । आज अध्यक्ष और समाज के संरक्षक बालकृष्ण शर्मा द्वारा समाज की ओर से माला पहनाकर विधायक प्रतिनिधि बनने की बधाई देकर उज्जल भविष्य की कामना की गई ।

नौ दिनों तक जिंदगी की लड़ाई के छपारा के देवेंद्र ने साथ छोड़ा

छपारा नवभारत। नगर से आठ किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन सड़क के बंजारी घाट पर विगत 29 मार्च को देर शाम नगर के डूंगरिया निवासी देवेंद्र रघुवंशी पिता विनोद रघुवंशी को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को ठोकर मारी जिसमें देवेंद्र को सिर पर गंभीर चोट आई जिसे परिजनों एवं मित्रों ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया

बंजारी घाट पर हुई दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल 19 वर्षीय युवक की मौत से शोक व्याप्त

जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां से स्वास्थ्य लाभ नहीं होने की दशा में देवेंद्र के परिजनों ने उसे नागपुर उपचार हेतु लेकर गए जहां नौवें दिन उसकी दुखद मौत हो गई बता दें देवेंद्र रघुवंशी को क्रिकेट पसंदीदा खेल प्रेम था युवक को खोने पर जहां परिवार शौक संतप्त है वहीं देवेंद्र रघुवंशी के दोस्तों को उसके असमय मृत्यु से दुख का माहौल है।

छोटे डायवर्शन मार्ग में बड़ी दुर्घटना टली

बरघाट नवभारत। 3 अप्रैल बरघाट में आयोजित भव्य शोभायात्रा के दौरान ट्रैफिक डायवर्शन हमेशा की तरह कॉलेज रोड से कांहीवाड़ा रोड की ओर किया गया। इस अव्यवस्थित डायवर्शन के कारण एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। बताया गया है कि एक भारी ट्रक चंद्रकांत साकुरे जी के घर के सामने नाली में जा घुसा और घर पर पलटने से बाल-बाल बच गया। यदि यह ट्रक पलट जाता, तो एक गंभीर हादसा हो सकता था। इस घटना को लेकर चंद्रकांत साकुरे ने नगर परिषद

बरघाट एवं पुलिस प्रशासन बरघाट की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि बार-बार इस छोटे आवासीय मार्ग को अस्थायी बायपास बना दिया जाता है, जो अत्यंत खतरनाक है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

विधायक दिनेश राय भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम मे शामिल हुए। भाजपा के स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर सिवनी नगर के बारापत्थर स्थित भाजपा कार्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम मे सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के करकमलों से किये गये ध्वजारोहण के उपरांत श्री राय ने मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया। तथा सभी पार्टीजनों को स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। तत्पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल , प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से पार्टी की विचारधारा और भविष्य के संकल्पों को साझा किये संबोधन को सुना गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कंडीपार पहुंचकर नगर पालिका द्वारा निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के बनाये गयी बिल्डिंग का जायजा लिया। तथा रहवासियों से भेंटकर संवाद किया तथा समस्याओं को सुना। तथा अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय आगमन पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री ज्योति राजपूत का शाल, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

प्रतियोगिता छिंदवाड़ा की एकतरफा जीत, सिवनी रेड को 9 विकेट से हराया, नरसिंहपुर की दमदार वापसी, जबलपुर को 19 रन से हराया

सातवें दिन रोमांच चरम पर, पूल-सी की 4 टीमों के बीच कांटे की टक्कर

सिवनी नवभारत। बैन गंगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय पॉलिटेक्निक ग्राउंड में आयोजित -19 चैंपियन ट्रॉफी 2026 अब अपने निर्णायक दौर में प्रवेश करती नजर आ रही है। टूर्नामेंट के सातवें दिन खेले गए मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जहां हर टीम ने जीत के लिए पूरा दमखम दिखाया।

दिनभर चले मैचों में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। कई मुकाबले अंतिम ओवर तक पहुंचे, जिससे दर्शकों की उत्सुकता चरम पर रही। बल्लेबाजों ने तेज़ी से रन बटोरे, वहीं गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ नियमित अंतराल पर विकेट लेकर मैच का संतुलन बनाए रखा। फील्डिंग में भी बेहतरीन कैच और

डायरेक्ट हिट ने मुकाबलों में रोमांच बढ़ाया।

सातवें दिन के बाद अंक तालिका में भी महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। कुछ टीमों ने अपनी स्थिति मजबूत की है, जबकि अन्य के लिए आगामी मुकाबले करो या मरो जैसे हो गए हैं। पॉलिटेक्निक ग्राउंड में दर्शकों की भारी भीड़ और हर चौके-छक्के पर गूंजती तालियां इस टूर्नामेंट की लोकप्रियता को दर्शाती हैं। सातवें दिन के पहले मुकाबले में छिंदवाड़ा ने सिवनी रेड को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिवनी रेड की पूरी टीम 19 ओवर में मात्र 83 रन पर सिमट गई। छिंदवाड़ा के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बनाते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। 84 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छिंदवाड़ा टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 7.5 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

आर्यन : 4 ओवर, 12 रन, 4 विकेट

वरुण शुक्ला 46 रन (24 गेंद)

आर्यन को शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ छिंदवाड़ा ने टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है। दिन के दूसरे मुकाबले में नरसिंहपुर ने जबलपुर ष्ट को 19 रन से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए नरसिंहपुर ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए।

कमरान अली- 43 रन (29 गेंद) फरज़ान अली- 28 रन विदित सिंह- 20 रन लक्ष्य का पीछा करने उतरी जबलपुर ष्ट की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 130 रन ही बना सकी।

शौर्य पारेता- 51 रन (32 गेंद)

नरसिंहपुर की ओर से गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए नियमित विकेट झटके। विदित सिंह-20 रन + 4 विकेट (3 ओवर, 19 रन) ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विदित सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आयोजन समिति के सचिव अब्दुल काबिज़ खान के अनुसार चैंपियन ट्रॉफी 2026 अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुकी है। हर मैच के साथ प्रतिस्पर्धा और कड़ी होती जा रही है। आने वाले मुकाबले टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और दर्शकों को और भी रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा।

ट्राइबल की हेल्थ पर जीत, विभागीय टेनिस वार्मअप टूर्नामेंट

सिवनी नवभारत। स्थानीय पीजी कॉलेज में विभागीय टेनिस बाल वार्म अप का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें ट्राइबल विभाग विजयी रहा। जिले में कर्मचारी और अधिकारियों की आपसी सहमति से एवं आपसी मेलजोल बढ़ाने व स्वस्थ रहने के उद्देश्य विभागीय वार्मअप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसका फाइनल मुकाबल ट्राइबल विभाग और हेल्थ विभाग की टीम के बीच हुआ। हेल्थ टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 53 बनाए। चेस करने उतरी ट्राइबल टीम ने 4ओवर में बिना कोई विकेट खोए बना लिए। ट्रायवल टीम विजेता रही और हेल्थ विभाग की टीम उप विजेता रही। इस टूर्नामेंट में फॉरेस्ट विभाग स्वास्थ्य विभाग, ट्रायवल विभाग टीचर विभाग,एक्स आर्मी, पुलिस विभाग,महिला बाल विकास विभाग ,बैंक 11 की विभाग की टीमों में अधिकारियों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट का विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थि में समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में विशेष सहयोग में जय श्रीवास्तव ,राजेश यादव, अभिराज सिंह,प्रकाश श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, महानारायण पांडे अनिल सनोडीया विवेक अग्रवाल, नरेंद्र देशमुख रुद्र हनुमंत, मढ़ीकांत तिवारी, विजय चौहान, विवेक, अवधेश मालवीय , दीपक तिवारी ,मकवानी शामिल थे।

नाम सुधार सूचना

मैं, कृपाल शाह टेकाम पिता श्री फतेभान शाह टेकाम पुलिस थाना कुरई में पदस्थ हूँ तथा वर्तमान में कुरई में निवासरत हूँ। पहले मेरा नाम KRAPAL TEKAM था, जो कि मेरी 12 वीं की अंकसूची में अंकित है। वर्तमान में मेरा नाम KRIPAL SHAH TEKAM है, जो कि सही एवं प्रचलन में है तथा मेरे दस्तावेज जैसे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में दर्ज है। अत: मुझे इसी सही नाम KRIPAL SHAH TEKAM से जाना जाता है।

अत: सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मुझे आगे से KRIPAL SHAH TEKAM के नाम से ही जाना एवं संबोधित किया जाए।

कृपाल शाह टेकाम
पता : कुरई पोस्ट कुरई
जिला सिवनी (म.प्र.) 480880
मोबाइल नंबर : 9753636407